
# रियल एस्टेट का जोश कायम

## जुलाई माह में 12,366 संपत्तियों की रजिस्ट्री, 1,101 करोड़ का राजस्व

■ **मुंबई** (सं). मुंबई के रियल एस्टेट मार्केट ने जुलाई 2025 में भी अपनी रफ्तार बनाए रखी. इस महीने कुल 12,366 प्रॉपर्टियों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जिससे सरकार को स्टांप ड्यूटी और अन्य शुल्कों से 1,101 करोड़ का राजस्व मिला. हालांकि वैश्विक स्तर पर आर्थिक दबाव है, फिर भी मुंबई का हाउसिंग मार्केट मजबूती से खड़ा है. 1 से 5 करोड़ वाले मिड-सेगमेंट की हिस्सेदारी में थोड़ी गिरावट आई, लेकिन 5 करोड़ से ज्यादा कीमत वाले लग्जरी घरों की हिस्सेदारी बढ़कर 6% हो गई है. इसका मतलब है कि हाई-एंड घरों में लोगों की दिलचस्पी बढ़ रही है.

**फंक्शनल घरों की मांग अब भी कायम** : जुलाई में बिके कुल घरों में से 82% 1,000 वर्ग फुट तक के थे. इससे साफ है कि फंक्शनल घरों की मांग अब भी सबसे ज्यादा है, खासकर न्यूक्लियर फैमिली और प्रोफेशनल्स के बीच. पश्चिम और मध्य उपनगरों में सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए, इनका संयुक्त हिस्सा 88% रहा. अकेले पश्चिम उपनगरों ने 57% हिस्सेदारी के साथ टॉप पर अपनी जगह बनाए रखी. इसके उलट, दक्षिण मुंबई में रजिस्ट्रेशन की हिस्सेदारी घटकर केवल 6% रह गई है. इससे यह संकेत मिलता है कि लोगों की रुचि पारंपरिक प्रीमियम इलाकों से हटकर नए डेवलप हो रहे उपनगरों की ओर बढ़ रही है. विशेषज्ञों का मानना है कि मेट्रो, कोस्टल रोड और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के चलते उपनगरों में मांग और बढ़ेगी.



### प्रॉपर्टी रजिस्ट्री का विवरण

कुल रजिस्ट्री (जुलाई 2025): 12,366

सरकारी राजस्वः 1,101 करोड़

1,000 वर्ग फुट तक के घरों की हिस्सेदारी: 82%

5 करोड़ से ज्यादा वाले घरों की हिस्सेदारी: 6%

पश्चिम उपनगरों का हिस्सा: 57%

मध्य + पश्चिम उपनगर: कुल 88%

दक्षिण मुंबई: सिर्फ 6%

*मुंबई का रियल एस्टेट मार्केट मजबूत मांग और भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा है.*

*– प्रशांत शर्मा, अध्यक्ष, नारेडको महाराष्ट्र*

*5 करोड़ से ऊपर के घरों में बढ़ती दिलचस्पी निवेशकों के भरोसे को दर्शाती है.*

*– कौशल अग्रवाल, चेयरमैन, द गार्डियंस रियल एस्टेट*

*बढ़ती रजिस्ट्री से साफ है कि बाजार में स्थिर मांग बनी हुई है.*

*– निशांत देशमुख, फाउंडर, सुगी ग्रुप*

*मिड-साइज और लग्जरी दोनों सेगमेंट में संतुलित मांग देखने को मिल रही है.*

*– निहार ठक्कर, फाउंडर, द मेंडेट हाउस*